वर्षा वन अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिक विषय पर हिन्दी में व्याख्यान का आयोजन

संस्थान के सम्मेलन कक्ष में दिनांक 20 मार्च, 2018 एक हिन्दी व्याख्यान का आयोजन किया गया। वन रक्षण प्रभाग के श्री राजेश कुमार , वैज्ञानिक-डी, ने **"पूर्वोत्तर भारत, समृद्ध मशरूम जैव-विविधता का एक प्राकृतिक स्रोत"** शीर्षक विषय पर पावर पॉइंट प्रस्तुति द्वारा हिन्दी में व्याख्यान प्रदान किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विभिन्न प्रकार के मशरुमों के बारे में बताते हुए खाने योग्य मशरुमों की पहचान कैसे करें उसके बारे में जानकारी प्रदान की। इसके साथ उन्होंने मशरूम खेती के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। व्याख्यान में श्रोता के रूप में डॉ. आर.एस.सी. जयराज, निदेशक, व.व.अ.सं., जोरहाट के साथ-साथ संस्थान के वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित थें। यहाँ उल्लेख करना है कि संस्थान के राजभाषा कार्यान्वयन समिति के निर्णय अनुसार हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक तिमाही में किसी एक वैज्ञानिक विषय पर व्याख्यान आयोजित करने का प्रस्ताव लिया गया था। राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 201 7-18 के अंतर्गत प्रमुख निदेशों में स्पष्ट उल्लेख है कि सभी प्रकार की वैज्ञानिक/तकनीकी संगोष्ठियों/परिचर्चाओं आदि में वैज्ञानिकों को राजभाषा हिन्दी में शोध पत्र पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस दिशानिर्देश को ध्यान में रखते हुए जनवरी-मार्च तिमाही के लिए यह व्याख्यान आयोजित की गई। व्याख्यान के प्रारंभ में हिन्दी प्रकोष्ठ की ओर से डॉ. मनीष कुमार सिंह, वैज्ञानिक-सी व हिन्दी अधिकारी ने सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत किया और हिन्दी भाषा में वैज्ञानिक विषय की व्याख्यान की उपयोगिता संबंधी जानकारी दी।

व्याख्यान के कुछ दृश्य